तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024

14 आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति परिक्षेत्र करेंझर के नए पदाधिकारियों ....



13 सभी अपूर्ण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र ...





## खबर संक्षेप

### 16 जून से 15 अगस्त तक मछली मारने पर प्रतिबंध



**बालोद।** जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि हेतु राज्य में नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 03, उपधारा 02 के तहत क्लोज सीजन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 3(5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर 01 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इसके अंतर्गत पात्र खिलाड़ी राज्य खेल अंकरण पुरस्कार वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के लिए 30 जून तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों को अलग–अलग वर्षों के लिए अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोर्ट्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### अवैध प्लॉटिंग की शिकायत पर की जाती है कार्रवाई : गजेंद्र

**बालोद।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम झलमला स्थित राईस मिल के पीछे की भूमि कृषि भूमि नहीं है। अवैध प्लॉटिंग की शिकायत मिलने पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाती है। नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र ने बताया कि राजस्व अभिलेख अनुसार उक्त भूमि आवासीय प्रयोजन के लिए व्यपवर्तित भूमि है। जिसका उनके द्वारा नकल जारी नहीं किया गया है एवं न ही एसडीएम शीतल बंसल ने उन्हें नकल जारी करने के लिए कहा है। नकल देने का कार्य उनके अधिकार में नहीं है। इसी प्रकार राजस्व निरीक्षक झलमला संध्या वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा उक्त जमीन की नकल देने के संबंध में किसी प्रकार का वक्तव्य नहीं दिया गया है। उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय कलेक्टर दुर्ग द्वारा वर्ष 2007 में राजस्व प्रकरण में आदेश पारित कर सीलिंग भूमि की अनुमति पत्र भूमि मालिक को दी गई है।

## रेस्क्यू : परसोदा में दिखा सांप, नागेंद्र सहित अन्य लोगों ने गांव से दूर सुरक्षित छोड़ा

# बारिश के साथ बढ़ा सांप-बिच्छुओं का खतरा झाड़-फूंक की जगह अस्पताल में कराएं इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में मानसून की दस्तक से पहले प्री मानसून से जिले के अलग अलग क्षेत्रों में कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश हो रही है। वहीं, बारिश होने के साथ ही जहरीले सांप तथा बिच्छु खेत खलिहान को छोड़ रिहायशी इलाकों में दस्तक देने लगे हैं। इसके साथ ही भोजन की तलाश में जहरीले जीव घरों में भी प्रवेश कर रहे हैं। बीते तीन चार दिनों से हुई हल्की बारिश की वजह से सांप बिच्छु तथा अन्य जहरीले जीव जंतु सुरक्षित जगह की तलाश में रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं।

सोमवार को जिला मुख्यालय के आस पास के अलग-अलग गांवों में बस्ती से लगे खेतों में जहरीले सांप देखा गया। ग्राम परसोदा में खेत में मिट्टी साफ कर रहे कुछ लोगों ने जहरीले सांप को भगाने की कोशिश की तो वह गांव की बस्ती की ओर जाने लगा। इस दौरान ग्राम परसोदा निवासी नागेंद्र सिन्हा सहित कुछ अन्य लोगों ने सांप का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित गांव से दूर छोड़ा।



### सर्पदंश से बचाने 1574 एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन जिले में उपलब्ध

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्पदंश से बचाने जिले के सभी विकासखण्डों में तथा जिला अस्पताल में कुल 1574 एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन उपलब्ध हैं। यह इंजेक्शन सर्पदंश से ग्रसित व्यक्ति को स्वस्थ करने काफी हद तक काम करता है। जानकारी के अनुसार अत्यधिक जहर वाले सांप के डस लेने से ग्रसित व्यक्ति को बचाने लगभग असंभव है, लेकिन समय रहते और बिना देरी किए इलाज हो जाए, तो स्वस्थ्य में सुधार हो सकता है। जिले में सर्पदंश से बचाने पर्याप्त मात्रा में इंजेक्शन उपलब्ध है।

### हर साल सर्पदंश के 30 से अधिक मामले, दर्जन भर लोग गंवा देते हैं जान

मानसून लगते ही जिले के ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्रों से सर्पदंश की घटना अक्सर सामने आती है। ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्रों में ही इस तरह के घटना देखी जाते हैं। सर्पदंश के शिकार लोगों को बचाने अस्पताल में इलाज संभव है, लेकिन समय रहते इलाज कराना बेहद जरूरी है। आपको बता दें कि हर साल मानसून लगते ही जहरीले सांप-बिच्छु के काटने की 30 से अधिक शिकायत सामने आती हैं। जिनमें से कईयों की मौत भी हो जाती है। पिछले दो साल में सर्पदंश से दर्जन भर लोगों ने अपनी जान गंवाई है। जान गंवाने वालों की मुख्य वजह, लोग सर्पदंश के बाद झाड़फूंक व घरेलू उपाय में घंटों समय बिता देते हैं, जिसके कारण सांप का जहर शरीर में फैल जाता है और सही तरीके से उनका इलाज नहीं हो पाता, जिससे मौत हो जाती है। सर्पदंश के बाद समय रहते अस्पताल पहुंचने से जान बचाया जा सकता है।

# आग से घर और दुकान का पूरा सामान खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ ग्राम मरकाटोला की घटना, पंचायत की ओर से दी गई तत्कालिक सहायता राशि

सोमवार को मरकाटोला में 11.30 बजे बालसिंग नेताम के घर और दुकान में आग लग जाने से पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि लोग बुझाने के लिए पास जाने से कतरा रहे थे। बालसिंग नेताम की दुकान में आइल होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया था, जब आग धीरे-धीरे कम हुई तब ग्रामीण एवं परिवार के लोग सहयोग करने लगे।

दूसरे घर के बोर से पानी लाकर आग को कम किया गया। बालोद से फायर बिग्रेड को तत्काल सूचना दी गई। जो एक घंटे के बाद पहुंची, जहां तेज धूप एवं भवन गर्म हो जाने के कारण धीरे-धीरे अंदर की आग को काबू किया गया। सूचना मिलने के बाद सरपंच नरेन्द्र सिन्हा, उपसरपंच नरोत्तम ध्रुव, पूर्व सरपंच बलराम गोटी, पंच बलराम कोर्राम, नारद नेताम, डा पीआर ठाकुर, सुकालू नेताम ,संजय नेताम, कृष्णकांत ठाकुर, तीरथ कोमर्रा, चंद्रिका दर्रो, छबि राठी, फूलमा बाई, सुकारो बाई, रमिता बाई, सुशीला नेताम की उपस्थित में पंचायत की ओर से 7 हजार रुपये सहायता राशि बालसिंग एवं उनकी धर्मपत्नी सुलोचना नेताम को नकद प्रदान की गई।

# दंपती से मारपीट, जुर्म दर्ज

■ बालोद के वार्ड क्रमांक 16 की घटना

**बालोद।** घर से गुल्लक लेकर निकले युवक के घर पतासाजी करने पहुंचे पति पत्नी के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। घटना शहर के वार्ड क्रमांक 16 की है। अजय दास मानिकपुरी ने बताया कि वह कपड़ा बेचने का काम करता है। 9 जून को रात्रि करीबन 9:20 बजे मामा का लडका घर से निकलकर गया।

इस दौरान पत्नी शारदा मानिकपुरी देखी कि घर का गुल्लक नहीं है। तब वह अपनी पत्नी शारदा को लेकर मामा प्रमेन्द्र गोस्वामी के घर वार्ड क्रमांक 16 में पूछने के लिए गया। वहां उसने कहा कि आपका लड़का घर से गुल्लक लेकर आया है, कहां है। इस बात पर मामा ने अपने बेटे पर झूठा आरोप लगाने की बात कहते हुए अजय दास की पिटाई शुरू कर दी। वहीं, प्रमेन्द्र गोस्वामी की पत्नी ने भी मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने अजय दास की पत्नी आयी तो उसे भी गाली गलौज किया। घटना के बाद अजय दास ने कोतवाली थाना में मारपीट करने वाले पति पत्नी के खिलाफ शिकायत की है। वहीं, कोतवाली पुलिस ने मामले में धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### गुण्डरदेही में सद्गुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव 11 को

**गुण्डरदेही।** सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव का आयोजन कबीरपंथी समाज द्वारा 11 जून मंगलवार को साहू सदन गुण्डरदेही में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य उपदेश धर्म अधिकारी सुधाकर साहेब शास्त्री खरसिया को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर भजन, प्रवचन, आशीर्वचन, भेंट बंदगी के साथ कार्यक्रम संपादित किए जाएंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारी नेतराम साहू, नीलम दास, केवल राम, भूषण दास, हरिशंकर, वीरेंद्र साहू ने श्रद्धालुओं से आध्यात्मिक लाभ लेने के लिए अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# रेत माफियाओं पर कार्रवाई की मांग, युकां ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेत माफियाओं के अवैध खनन के खिलाफ युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

बालोद युवा कांग्रेस के द्वारा तहसील कार्यालय बालोद में तहसीलदार को ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को जानकारी दी गई कि बालोद विधानसभा में आए दिन जितने भी रेत खदान हैं, वहां पर अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। इससे वहां आस पास के पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है और अधिक रेत के उत्खनन प्राकृतिक संतुलन के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इससे जलीय पौधे जैसे सूक्ष्म जीवों के साथ नदीतंत्र की खाद्य श्रृंखला पर भी प्रभावित पड़ रहा है। परिणाम स्वरूप जीवों को भोजन आपूर्ति में भी कमी से इनकी



संख्या में कमी आती है। अवैध खनन से ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है और यह भी देखा गया कि कुछ स्थानों पर तो ठेकेदार द्वारा गांव में पहुंचकर दबाव पूर्वक एवं अशांति पैदा कर अवैध रूप से परिवहन की जा रहा है। युवक कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिला प्रशासन जल्द से जल्द अवैध खदान को बंद करें और प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही करें। अगर जल्द से जल्द अवैध रेत खदान बंद नहीं होगा तो जिला युवा कांग्रेस बड़े रूप में विरोध करेगा। इस ज्ञापन सौंपने के दौरान आदित्य दुबे, वैभव शर्मा, उपाध्यक्ष विधानसभा युवा कांग्रेस दीपक सानू पाल, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहनिश पारकर, उपाध्यक्ष प्रवीन साहू, युगल किशोर, फरहान खान, तामेश कुमार, गौतम मारकंडे, सुनील मांडवी, युवा साथी शामिल थे।

# जिले में हत्या के कई मामले अनसुलझे

## अज्ञात मृतकों की पहचान के लिए पुलिस ले रही सोशल मीडिया का सहारा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कुछ मामलों में जानकारी देने वालों के लिए इनाम की भी घोषणा

जिले में घटित हत्या के अनेक अपराध पुलिस के रिकार्ड में अधूरे पड़े हुए हैं, जिन्हें सुलझाने व आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

जिले के ग्राम अमलीडीह में 13 व 14 अप्रैल को कुल 6 हिस्से में पुलिस ने लाश को अधजली हालात में बरामद किया था, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के लिए महिला को जलाने का प्रयास किया गया, लेकिन लाश को पूरी तरह से जलाने में वह असफल रहा। उसके बाद लाश को काट कर अलग-अलग जगहों में भी छुपाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भी असफल साबित हुआ और मृतका की लाश पुलिस के हाथ लग गई। लेकिन, अज्ञात महिला की पहचान नहीं हो पायी है। जिसके कारण पुलिस को आरोपी तक पहुँच पाना मुश्किल साबित हो रहा है।

**सियादेवी जंगल में महिला की हत्या का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर :** गुरुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सियादेवी मंदिर से लगे हुए जंगल में 2020 में 6 मई को एक महिला की सिर पर पत्थर पटककर हत्या करने पर थाना गुरूर में धारा 174, 302 के तहत मामला कायम है। प्रकरण में अज्ञात आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में भी महिला की पहचान नहीं हो पाई है। इस घटना के आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा दस हजार रूपये ईनाम की घोषणा भी की गई थी।



### पहचान होने पर आरोपियों को तलाशने में आसानी

अज्ञात महिला की शिनाख्त के लिए पुलिस सोशल मीडिया का सहारा ले रही है, पुलिस की माने तो मृतक महिला की पहचान यदि जल्द हो पाती तो घटना को अंजाम देने वाले आरोपी तक पहुँच पाने में आसानी होगी। वहीं, मृत महिला के पैरों में पायल के साथ ही ऊँगली में एक चौड़ी अंगूठी और कान में एक सुनहरे रंग की टाप्स मिले हैं। यदि किसी चिर-परिचित में कोई व्यक्ति लापता है और उसके आभूषण मृतक के आभूषण से मिलते हैं तो नजदीकी पुलिस थाना से संपर्क कर पूरी जानकारी दे सकते हैं, उन्हें उचित इनाम के साथ ही उनका पहचान गुप्त रखी जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

### महिला का हत्यारा पुलिस की पकड़ से दूर

जिले के गुरुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बासीन में महिला की हत्या का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ था। दरअसल महिला की लाश घर में संदिग्ध हालत में मिली थी। जब पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया तब हत्या की घटना सामने आई थी। पुलिस ने मृतक रेखा साहू की मृत्यु मामले में शव परीक्षण रिपोर्ट के बाद हत्या का मामला अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 450 और 302 कायम किया गया था, लेकिन आज तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है, घटना 2021 अक्टूबर माह की है। बालोद के पूर्व पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र यादव द्वारा इस घटना से जुड़े कोई भी सबूत या जानकारी देने पर जो आरोपी तक पहुँचने में मील का पत्थर साबित हो उन्हें पांच हजार रूपये इनाम प्रदान करने तथा जानकारी देने वाले की पहचान भी गोपनीय रखने की घोषणा की है।

### अज्ञात लाश की शिनाख्त भी नहीं हो पाई

3 दिसम्बर 2021 को पुरूर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 30 स्थित साहू ढाबा से लगभग 200 मीटर दूर पर एक अज्ञात युवक की लाश संदिग्ध हालात में पुलिस को मिली थी। जिसके हाथ पर रचेच और ओम लिखा हुआ था, वहीं कान में बाली पहना था। जिसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या का खुलासा हुआ है, वहीं इस युवक की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है, इस हत्या के आरोपी की तलाश भी पुलिस द्वारा की जा रही है।

# विरोध के बीच जीई रोड से हटा कब्जा

**भिलाई।** भिलाई निगम ने रविवार को सुपेला सब्जी मार्केट सहित जीई रोड किनारे अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। दूसरे दिन अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई चली। कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने के दौरान विरोध भी करने लगे थे लेकिन समझाइश के बाद मामला सुलझ गया। सुपेला चौक से गदा चौक रानी अवंति बाई चौक पर एक दिन पहले हटाए गए अतिक्रमण फिर से वापस न हो इसके लिए निगम के अमला ने मानिटिरिंग भी की। जिसकी वजह से सुपेला संडे मार्केट व्यवस्थित रहा।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## भोथीपार में हुई एक दिवसीय डे नाइट राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

# खेल मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

■ मुख्यअतिथि ने बच्चों एवं युवाओं को खेल के लिए किया प्रेरित

■ जय हिन्द स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में किया गया प्रतियोगिता का आयोजन

ग्राम भोथीपार में जय हिन्द स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय डे नाईट छत्तीसगढ़ राज्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं मण्डल महामंत्री थानसिंह मंडावी थे, अध्यक्षता सरपंच जनक बाई साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच पेंडरी खिलेन्द्र साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष नेतराम साहू, ग्राम विकास समिति कोषाध्यक्ष गुमान सिंह मंडावी, ग्राम विकास समिती सचिव बीआर. सिंघाड़े, संचालक फाग मंडली हासेंद्र पूरी गोस्वामी, उपसरपंच सावंत राम साहू, वरिष्ठ नागरिक राम सिंह साहू, पूर्व उपसरपंच माखन लाल मंडावी, समाज सेवक बृज लाल साहू महेश महिलवार थे। अतिथियों ने खेल मैदान में पूजा अर्चना कर फीता काट कर उदघाटन किया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि मंडावी ने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, खेल से हमारी शारीरिक, मानसिक सेहत में सुधार होता है। इसलिए खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए। प्रथम पुरस्कार 6001 रुपया एवं स्मृति चिन्ह भव्यांश मंडावी द्वारा, दूसरा पुरस्कार 4001 रुपया एवं स्मृति चिन्ह ललित चंद्राकर पिनकापार द्वारा, तीसरा पुरस्कार 3001 रुपया एवं स्मृति चिन्ह थानसिंह मंडावी द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए एवं स्मृति चिन्ह विजय साहू मुंडेरा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संचालन महेन्द्र मंडावी एवं गोपी राम साहू ने किया। इस अवसर पर लेखराम साहू, पोषण साहू, वेदप्रकाश मंडावी केशलता साहू, चेतन मंडावी, बैशाखू राम साहू, केशव राम, निर्णायक अजय साहू, मोनू नेताम, हेमू साहू थे, जयहिंद स्पोर्ट्स क्लब के कुणाल दीवान, युवराज चंद्रवंशी, सौम्या मंडावी, वासु मंडावी, शंकर साहू, जग्गू ठाकुर, चिंटू मंडावी, जितेन्द्र यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।





